सुविचार



इतिहास खुद को दोहराता है, पहले एक त्रासदी के रूप में, फिर एक प्रहसन (मजाक) के रूप में।
- कार्ल मार्क्स

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- यूपीएससी क्रेक नहीं कर पाई तो बन बैठीं फर्जी आईएएस- II
- सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक सुधारने को डीएम का कड़ा रुख - III
- विश्वविद्यालय ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची -IV

बरेली, बुधवार, 29 अप्रैल 2026


**सिटी ब्रीफ**

### उप कृषि निदेशक का कार्यालय अब बिल्वा में

बरेली, अमृत विचार : बरेली मंडल के उप कृषि निदेशक (भूमि संरक्षण) का कार्यालय स्थानांतरित हो गया है। पूर्व में यह कार्यालय रामपुर गार्डन में था, जिसे अब बिथरी चैनपुर (बिल्वा) स्थित उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक डॉ. नीरजा सिंह ने दी है।

### 2 को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

बरेली, अमृत विचार : जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए मई माह के प्रथम शनिवार 2 मई को सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि पूर्व में लिपिकीय त्रुटिवश अंकित हुई 5 मई की तिथि को संशोधित करते हुए अब 2 मई की गई है। तहसील सदर में जिलाधिकारी अविनाश सिंह समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

### अगले सप्ताह शुरू होगी चौपुला फ्लाईओवर की मरम्मत

बरेली, अमृत विचार : चौपुला फ्लाईओवर पर अगले सप्ताह से मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा। एनएचएआई बदायूं के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला ने बताया कि रूट डायवर्जन के लिए बरेली जिला प्रशासन से अनुमति जल्द मिलने की संभावना है। फ्लाईओवर के एक्सपेंशन ज्वाइंट्स के बीच चार से पांच इंच का गैप आ गया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनुमति मिलते ही मशीनों के साथ पुल का सुदृढ़ीकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

**शहर में आज**

- श्री श्याम श्याम रसिक परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्री हरि मंदिर माडल टाउन में शाम 5 बजे से 9 बजे
- बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबू मुनकाद अली, पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव द्वारा बसपा कार्यालय में मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक दोपहर 2 बजे
- आनंद आश्रम में गौरदास महाराज द्वारा श्री भक्तमाल कथा शाम 3 .30 बजे से 6 .30 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे

**झुमका बदल गया**



दिल्ली रोड पर टी प्वाइंट पर नए रंग रूप में लगाया गया झुमका जल्द ही लोगों को नजर आने लगेगा। • अमृत विचार

# अब दूर से दिखेगा झुमका बरेली वाला अंधेरे में रोशनी से नहाएगा जीरो पोइंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दिल्ली-बरेली हाईवे पर पुरानी जगह लगाया जा रहा झुमका**
- **जल्द काम पूरा होने के बाद भव्य तरीके से फिर होगा उद्घाटन**

**अमृत विचार:** अपनी अनूठी पहचान के लिए दुनिया भर में मशहूर बरेली का 'झुमका' एक बार फिर नए और भव्य अवतार में निखरने को तैयार है। बरेली-दिल्ली हाईवे पर जीरो पॉइंट (परसाखेड़ा) के पास स्थापित इस झुमके के सुंदरीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू चल रहा है।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने इस पूरे चौराहे और झुमका तिराहे को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने की योजना तैयार की है। इसके तहत झुमका के चारों ओर आकर्षक लाइटिंग, हरियाली और लैंडस्केपिंग का काम किया जा रहा है, ताकि रात के समय यहां से गुजरने वाले मुसाफिरों को बरेली की इस ऐतिहासिक पहचान का दीदार और भी शानदार तरीके से हो सके। मौके पर काम कर रहे लोगों का कहना है कि झुमका पूरी तरह से तैयार होने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। इसके बाद एक बार इसका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद यह स्थान न केवल सेल्फी पॉइंट के रूप में मशहूर होगा, बल्कि बरेली आने वाले मेहमानों का स्वागत एक आधुनिक और सांस्कृतिक परिवेश में करेगा।

**झुमका पुरानी पहचान**

नाथ नगरी, बांस बरेली की तरह शहर की पहचान झुमका नगर के रूप में भी रही है। झुमका गिरा रे.. गाना जहां भी गुनगुनाया जाता रहा है, वहां बरेली शहर का नाम जरूर याद किया जाता है। बरेली विकास प्राधिकरण ने शहर की इस अमिट पहचान को जीवंत करने के लिए बाईपास के जीरो प्वांट पर खास तरह से फिर झुमके को आकार दिया है। अफसरों का कहना है कि बहुत जल्द जीरो पोइंट रात में ही खास रोशनी में जगमग होता नजर आएगा। तब झुमका देखते ही बनेगा।

स्थानीय लोगों में भी अपनी पहचान के इस नवीनीकरण को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# उपभोक्ता देवो भव...शपथ लेकर एक घंटे में तोड़ी

## चीफ इंजीनियर ने सामूहिक तौर पर दिलाई थी सबको कसम, कुछ ही देर में अधिकारी-कर्मचारियों ने भुला दिया नैतिकता का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कसम वो होती है जो तोड़ी ना जाए। पावर कट, ट्रिपिंग, टांसफार्मर फुंकने जैसी दिक्कत पेश आने पर बिजली अधिकारी-कर्मचारी उपभोक्ताओं के तुरंत फोन उठाएं, इसके लिए मंगलवार के दिन सबको शपथ दिलाई गई। कहा गया कि उपभोक्ताओं को देवो भव मानकर उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। हालांकि, शपथ की गारंटी एक घंटा भी कायम नहीं रह सकी। चीफ इंजीनियर के निर्देश-आदेश हवा में उड़ा दिए। अधिकारी-कर्मचारी फिर अपने ढर्रे पर चलते दिखे।

बिजली निगम की ओर से बरेली क्षेत्र प्रथम में 'उपभोक्ता देवो भव' कार्यक्रम किया गया था। इसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद बनाने पर जोर दिया गया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने सभी अधीक्षण अभियंता, एक्सईएन, एसडीओ, जेई, टीजी टू, लाइनमैनों को 'उपभोक्ता देवो भव' की भावना से काम करने की शपथ भी दिलाई। मिलकर संकल्प लिया गया कि उपभोक्ताओं के फोन कॉल को प्राथमिकता के आधार पर रिसीव किया जाएगा। उनकी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही काम के दौरान सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य प्रयोग किया जाएगा। मुख्य अभियंता ने कहा कि उपभोक्ता प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर जवाबदेही तय की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में सक्रिय रहकर उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लें।



बिजली निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाते चीफ इंजीनियर।

हालांकि, शपथ की कहानी अगले ही घंटे उल्टा दौड़ती दिखी। अधिकारी कर्मचारी कुछ ही देर में शपथ की नैतिकता भूल बैठे। रामपुर गार्डन में 33 केवी की लाइन डालते समय सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया गया। दोपहर से लेकर देर रात तक हुई बिजली कटौती की सूचना व जानकारी के लिए उपभोक्ताओं ने फोन तो बहुत घनघनाए मगर उठाए बहुत कम ने ही। अब चीफ इंजीनियर ने कहा है कि फोन न उठाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## शहरी क्षेत्र में फॉल्ट तलाशने में लगे 12-12 घंटे सुचारू बिजली आपूर्ति के दावे खोखले साबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अप्रैल में पड़ रही भीषण गर्मी ने बिजली की डिमांड बढ़ा दी है। तेजी से बढ़ी मांग को बिजली विभाग का ढांचा संभाल नहीं पा रहा है और फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों से ट्रिपिंग बढ़ गई है। शहरी क्षेत्र के तमाम फीडरों पर उपभोक्ताओं को सुबह से लेकर देर रात तक एक घंटे भी लगातार बिजली नहीं मिल पा रही है। रात में बिजली की आंख-मिचौली ज्यादा परेशान कर रही है। शहर में हो रहे फॉल्ट तलाशने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं।

बिजली निगम को स्मार्ट सिटी में मिली 50 लाख से अधिक की फॉल्ट लोकेटर मशीन रामपुर गार्डन स्थित बिजली उपकेंद्र में जंग खा रही है। निगम के अधिकारी, कर्मचारी निजी ठेकेदारों की मशीनों के सहारे भूमिगत फॉल्ट तलाशते हैं। सिंधु नगर फीडर में रविवार रात दो बजे हुआ फॉल्ट सोमवार रात दो बजे तक नहीं मिल सका। मजबूरन वैकल्पिक व्यवस्था करके आपूर्ति सुचारू की गई। मंगलवार को फॉल्ट मिलने पर उसे सही किया गया। मंगलवार को कटरा चांद खां, आजाद नगर, राज नगर, मलूकपुर शराब वाली भट्टी, मलूकपुर सुनारो की गली, पुलिस लाइन, बिहारीपुर सुभाष वाटिका, रोहिली टोला, कांकरटोला, इज्जतनगर, किला, सनसिटी, महानगर, सनराइज इंक्लेव, हरूनगला, टीपीनगर, आकांक्षा होम्स, कर्मचारी नगर, डेलापीर समेत कई इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए। वहीं परसाखेड़ा, लोहिया विहार, सीबीगंज में हुई ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं के साथ व्यापारी भी परेशान हुए।

### पीक ऑवर में भी अधिकारी नहीं पहुंच रहे सबस्टेशन, शिकायतों के लग रहे अंबार

शहर में हो रही बिजली की अंधाधुंध ट्रिपिंग, बिजली कटौती के साथ ही जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन न उठाने पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अभियंता को फटकार लगाई थी। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों को शक्ति भवन से अटैच कराने की भी बात कही थी। इसके बाद पीक ऑवर में सबस्टेशनों पर रहने व निगरानी की जिम्मेदारी अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंताओं के साथ अवर अभियंताओं को दी गई थी। हालांकि जिम्मेदारी मिलने के बाद भी अधिकारी निर्धारित उपकेंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं।

## रेलवे अफसरों के सामने उठा ओवररेटिंग का मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर ओवररेटिंग की समस्या खत्म नहीं हो रही है। सोमवार को मुरादाबाद मंडल के एडीआरएम प्रेम शंकर झा और सीनियर डीसीएम महेश यादव ने औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म पर बिक रहे खाद्य पदार्थों और पेयजल की कीमतों की जांच की और सख्त निर्देश दिए कि सभी सामान निर्धारित दरों पर ही बेचे जाएं।

यात्रियों का आरोप है कि 15 रुपये की बोतल 20 रुपये तक में बेची जा रही है। इससे रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। रेलवे अधिकारियों द्वारा बार-बार निरीक्षण और कार्रवाई के दावों के बावजूद ओवररेटिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। यात्री सुरेश कुमार का कहना है कि जब तक नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। यात्रियों ने मांग की है कि स्टेशन पर स्पष्ट रेट लिस्ट प्रदर्शित की जाए और शिकायत करने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# दिल्ली-लखनऊ से सिग्नल के इंतजार में अटकी परियोजना

- **अब तक 630 करोड़ खर्च हो चुके, अब भी परियोजना पूरी करने का 1554.50 करोड़ रुपये की जरूरत**
- **केंद्रीय जल आयोग में लंबित है पुनरीक्षित बजट, छह साल से बंद पड़ा निर्माण कार्य**
- **बार-बार एस्टीमेट रिवाइज से टूटा 350 गावों के हजारों किसानों को सिंचाई का सपना**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली और बदायूं के करीब साढ़े तीन सौ गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी का सपना दिखाने वाली बदायूं सिंचाई परियोजना 630 करोड़ फूंकने के चौदह साल बाद भी बंद जैसी स्थिति में गई है। वजह यह है इसके लिए 1554.50 करोड़ की आवश्यकता है। इसको लेकर पिछले साल पुनरीक्षित बजट का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग भेजा गया था, जिसे मंजूरी नहीं मिली है। यह परियोजना आज बढ़कर 2184 करोड़ की हो चुकी है।

बदायूं सिंचाई परियोजना पर 2011 में काम शुरू कराकर बसपा अगले ही साल सत्ता से बाहर हो गई थी। सपा सत्ता में आई तो बजट रिवाइज हुआ और 332 करोड़ की इस परियोजना की लागत 630 करोड़ पहुंच गई। सपा की सरकार ने 2015 में अवशेष 298 करोड़ का बजट अवमुक्त भी कर दिया। इस धनराशि से 311 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हुआ और रामगंगा पर बैराज बनने के साथ उसके दोनों ओर पानी रोकने के लिए 12-12 किमी लंबाई के एफलक्स बनाए गए। 2018 में जब यह काम पूरा हुआ तो सपा को हटाकर भाजपा की सरकार आ चुकी थी और बजट की कमी से काम बंद हो चुका था।

इसके बाद इस परियोजना की बागडोर तत्कालीन सिंचाई मंत्री धर्मपाल सिंह ने संभाल ली। बजट लगातार रिवाइज हो ही रहा था कि धर्मपाल सिंह के कार्यकाल के बीच 2019 में यह 2100 करोड़ तक पहुंच गया। इस बीच धर्मपाल को सिंचाई मंत्री पद से हटाए जाने के बाद से परियोजना सफेद हाथी साबित हो रही है।



अधूरा पड़ा रामगंगा सिंचाई परियोजना में बना पुल।

### धर्मपाल सिंह के कार्यकाल में 1470 करोड़ बढ़ी लागत

जब परियोजना की शुरुआत हुई थी, तब भूमि का मुआवजा सरकारी कीमत पर दिया जाता था। 2015 में किसान चार गुने रेट की मांग करने लगे। इस बीच यह शासनादेश भी आ गया।। इसी कारण परियोजना की लागत 630 करोड़ पहुंच गई। 2017 में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन के बाद धर्मपाल सिंह सिंचाई मंत्री बने तो रिवाइज एस्टीमेट के जरिए यह परियोजना 630 करोड़ से 2184 करोड़ की लागत पर पहुंच गई। कई गुना लागत बढ़ने से ही परियोजना पर बादल छाने लगे।

### मंजूरी मिलने के बाद भी नहीं मिला बजट

अब 1250 किसानों से करीब नौ सौ हेक्टेयर भूमि खरीदने के लिए करीब 1554 करोड़ रुपये की जरूरत है। 2019 में धर्मपाल सिंह के कार्यकाल में शासन की वित्त समिति ने पुनरीक्षित बजट स्वीकृत कर दिया था। इसके बाद पिछल साल मंत्रिमंडल की बैठक में सीएम से भी इसकी मंजूरी मिलने का दावा किया गया। यही नहीं, 2184 .54 करोड़ रुपये का पुनरीक्षित बजट का प्रस्ताव बीते वित्तीय वर्ष में केंद्रीय जल आयोग को भेजा गया। लेकिन फिर भी कुछ हुआ नहीं।

### परियोजना के आंकड़े

- कुल खर्च : 630 .04 करोड़ रुपये
- शेष बजट की जरूरत : 1554 .50 करोड़ रुपये
- बैराज का काम : 90 प्रतिशत पूरा
- शेष नहरों की खोदाई : 611 .45 किलोमीटर
- काम ठप होने का समय : वर्ष 2019 से

"बदायूं सिंचाई परियोजना में 2019 से बजट नहीं मिलने की वजह से कमा बंद पड़ा है। 2184 .54 करोड़ रुपये का पुनरीक्षित बजट का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग को भेजा गया है। परियोजना अगर मानकों पर खरी उतरी तो प्रधानमंत्री सिंचाई परियोजना में शामिल हो जाएगी, लेकिन मानक पर खरी नहीं उतरी तो प्रदेश सरकार की कैबिनेट में स्वीकृति मिलने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।
**-नीरज कुमार**, एक्सईएन, बाढ़ खंड

# बोर्ड परीक्षा की स्टेट टॉपर बेटियों को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सर्वोदय जनकल्याण इण्टर कालेज की छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर फहराया जिले का परचम**
- **इन बेटियों के नाम से उनके गांव में सड़कों का निर्माण कराया जाएगा: छत्रपाल**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में जिले का परचम लहराने वाले दस मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन ने इन मेधावियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी है। साथ ही प्रमाणपत्र भी दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस बार आंवला के खेड़ा स्थित सर्वोदय जनकल्याण इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने हाईस्कूल और इंटर में प्रदेश स्तर पर टॉपर सूची में जगह बनाई है। हाईस्कूल टॉप 10 की सूची में रश्मि छठे, रजनी सिंह व शिवानी 8 वें, गुलशन यादव व वैष्णवी गुप्ता 10वें स्थान पर रहीं। इंटरमीडिएट में इसी स्कूल की नन्दिनी गुप्ता प्रदेश में द्वितीय, सुरभि यादव तृतीय, खुशी मौर्य व सिमरन मौर्य छठे स्थान पर तथा चमन जहां प्रदेश में 7वें स्थान पर रहीं। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा था कि हाईस्कूल व इंटर में टॉप बेटियों को ई-स्कूटी उपहार स्वरूप देने की योजना के तहत बेटियों को मेडल के साथ-साथ ई-स्कूटी दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता के अभाव में बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। इन बच्चियों के नाम से उनके ग्रामों में सड़कों का निर्माण 6 माह में कराया जाएगा।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार ने कहा कि ये बच्चियां अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश की तरक्की में आधी आबादी की भूमिका आपके माध्यम से महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। महापौर उमेश गौतम ने बच्चों, उनके अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों को बधाई दी और जनपद में टॉप छात्राओं को इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने पर 100 प्रतिशत स्कालरशिप, साथ ही ऑनलाइन कोर्स पर भी आर्थिक सहायता की घोषणा की। विधायक डा. राघवेन्द्र शर्मा ने कहा कि ग्रामीण बच्चियां इतिहास रच रही हैं। कहा कि आप वो बच्चे हैं जो खुद पढ़ते हैं, बाकी कांवेंट स्कूलों के बच्चों को उनके माता-पिता व ट्यूटर पढ़ाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि आप मेहनत करके सरकारी कालेजों में डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए प्रवेश लेते है तो खर्च वह उठाएंगे। नवाबगंज विधायक डा. एमपी आर्य ने कहा कि बच्चों को किसी न किसी को आदर्श मानते हुए बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, सीडीओ देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। • अमृत विचार

# इज्जतनगर बस अड्डे का काम फिर अटका, उठने लगे सवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर के मिनी बाईपास पर तीसरे बस अड्डे का निर्माण 80 प्रतिशत होने के बाद फिर अटक गया है। कार्यदायी संस्था को जून तक निर्माण पूरा करके हैंडओवर करना था मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा।

पुराने बस अड्डे पर जाम की समस्या कम करने के लिए केंद्रीय कारागार की जमीन पर परिवहन निगम नया बस अड्डा बनवा रहा है। 16.72 करोड़ रुपये की परियोजना में निर्माण कार्य 2023 में शुरू किया गया था। अगस्त 2023 में तीन करोड़ रुपये की पहली किस्त, मार्च 2024 में दूसरी किस्त में दो करोड़ रुपये जारी हुए। तीसरी किस्त में 3.90 करोड़ रुपये मिले। इस तरह 8.90 करोड़ रुपये की लागत से भवन बनकर तैयार हो गया। इसके बाद बजट के अभाव में काम ठप हो गया था। छह माह पहले 6.98 करोड़ रुपये मिले लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि संस्था को जल्द से जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# मई में घोषित होगी बरेली सपा की नई टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कार्यकारिणी गठन के लिए नए जिलाध्यक्ष ने शुरू किया मंथन खोजे जा रहे मजबूत प्रत्याशी भी**

**अमृत विचार:** सपा ने 2027 की तैयारियों को लेकर सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। शुभलेश यादव को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद अब अगली होमवर्क जिला कार्यकारिणी को लेकर शुरू किया गया है। नई टीम मई में घोषित करने की तैयारी है और कार्यकारिणी पर पीडीए फार्मूले का प्रभाव नजर आने वाला है।

सपा सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी तेजी से तैयारी में जुटी है। सितंबर तक दमदार प्रत्याशियों की खोज और उसके तुरंत बाद बारी-बारी टिकटों का ऐलान किया जा सकता है। सत्तारूढ़ भाजपा के कई चेहरे टिकट की जुगत में सपा कैंप से रिश्ते मजबूत कर रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले आंवला लोकसभा क्षेत्र में आने वाली फरीदपुर, बिथरी, आंवला, दातागंज और शेखूपुर विधानसभा सीटों बड़ी हलचल नजर आ सकती है।

जिलाध्यक्ष बनते ही शुभलेश यादव ने विधानसभा क्षेत्रों की विजिट शुरू कर दी है। बूथ पर पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए वह बैठकें कर आगे की रणनीति बना रहे हैं। कार्यकारिणी गठन और टिकट तय करने की प्रक्रिया को लेकर जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) समीकरण सर्वोपरि होगा। पार्टी ऐसे दमदार चेहरों की तलाश में है, जिनकी छवि अच्छी हो और राजनैतिक समीकरण पर फिट बैठते हों। पुराने और वफादार कार्यकर्ताओं को तवज्जो मिलेगी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 10 मई 2026, रविवार 24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# यूपीएससी क्रेक नहीं कर पाई तो बन बैठीं फर्जी आईएएस

## ठगी में गिरफ्तार विप्रा शर्मा पहले खुद को एसडीएम बताती थी फिर एडीएम, पूछताछ में खुले कई राज, रैकेट से जुड़े हो सकते हैं और भी लोग

**बेनकाब बहनें**

- विप्रा-शिखा के पिता प्रशासनिक अफसर पद से रिटायर
- ममेरी बहन दीक्षा पाठक को भी क्राइम पार्टनर बना लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बेरोजगारों से ठगी के मामले में पकड़ी गईं विप्रा शर्मा, शिखा शर्मा और दीक्षा पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों की ठगी और फर्जी नियुक्त पत्र बांटने के मामले में गिरफ्तार हुईं तीन जालसाज बहनों की कहानी सुनकर कोई भी चकरा जाएगा। पिता प्रशासनिक अफसर थे और डॉ. विप्रा शर्मा भी पढ़ाई पूरी करने के बाद यूपीएससी की तैयारी में जुट गई थी। एक बार प्री पास भी कर लिया था मगर उससे आगे नहीं बढ़ सकी तो गुनाह के रास्ते पर चल पड़ी। बड़ी बहन शिखा शर्मा और ममेरी बहन दीक्षा पाठक को भी क्राइम पार्टनर बना लिया और सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से ठगी शुरू कर दी।

ठगी के पैसे से तीनों लग्जरी लाइफ जी रही थीं। मंहगी कार खरीदकर उस पर एडीएम फाइनेंस लिखवा लिया था और समाज में अच्छी खास हनक के साथ जिंदगी जी रही थीं। मगर पीड़ित बेरोजगारों ने लाखों रुपये देकर भी नौकरी नहीं मिलने पर शातिर दिमगा विप्रा, शिखा और दीक्षा का पुलिस के सामने भेद खोल दिया। आगे का काम खाकी ने कर दिया। कई बेरोजगारों से मोटी रकम ऐंठने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी तीनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ में चौंका देने वाले राज सामने आए हैं। थाना बारादरी क्षेत्र की ग्रेटर ग्रीन पार्क कालोनी में रहने वालीं डॉ. विप्रा शर्मा और उसकी बड़ी बहन शिखा प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती थीं। विप्रा ने रूहेलखंड विश्चविद्यालय से इतिहास और इंग्लिश में डबल एमए किया था। पीएचडी पूरी होने की बात भी उसने पुलिस को बताई।

**8 साल तैयारी की, प्री से आगे नहीं बढ़ सकी :** 2012 से 2020 तक करीब 8 साल विप्रा ने बरेली और प्रयागराज में रहकर यूपीएससी की तैयारी की थी मगर प्री से आगे नहीं बढ़ सकी। शिखा भी साइंस ग्रेजुएट है। दोनों बहनों के अफसर बनने के सपने पूरी नहीं हुए तो लग्जरी लाइफ की खातिर को ठग नेटवर्क बना डाला। पवन विहार में रहने वाली मामा की बेटी दीक्षा पाठक को भी गलत रास्ते से जोड़ लिया। पिछले छह साल से शिखा-दीक्षा बहन विप्रा को कभी एसडीएम तो कभी प्रमोशन पाकर एडीएम वित्त एवं राजस्व बनने की झूठी कहानी सुनाकर बेरोजगारों से ठगी करती आ रही थीं। फर्जी अफसरी पर किसी को शक न हो, इसके लिए ठगी के पैसों से उन्होंने 22 लाख रुपये में लग्जरी कार खरीद ली थी और उस पर एडीएम के साथ उत्तर प्रदेश सरकार भी लिखवा लिया था। आरोपी दीक्षा पाठक खुद को फर्रुखाबाद में तैनात खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बताती थी। तीनों बहनें बेरोजगारों को शासन में गहरी पैठ होने का भरोसा दिलाती थीं और पैसे ऐंठकर महंगे शौक पूरे करती थीं।

### खातों में मिले 55 लाख फ्रीज कराए गए, सरकार लिखी कार भी बरामद





**बरेली।** बेरोजगारों से ठगी के मामले में गिरफ्तार डॉ. विप्रा शर्मा, शिखा शर्मा और दीक्षा पाठक के खातों में मिले 55 लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि ठगी पीड़ित फाइक एन्क्लेव निवासी प्रीति लॉयल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में चौंका देने वाली जानकारी सामने आई। पुलिस ने आरोपी डॉ विप्रा शर्मा, सगी बहन शिखा शर्मा और ममेरी सिस्टर दीक्षा पाठक को हिरासत में लेकर पूछताछ की सच सामने आ गया। तीनों बहने गैंग बनाकर जाली दस्तावेज तैयार करती थीं और करके फर्जी नियुक्ति पत्र देकर बेरोजगारों से ठगी करती थीं। उनके पास से कूटरचित दस्तावेज, 10 चेकबुक, चार महंगे मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और 4 .50 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा एक लग्जरी कार भी जब्त की गई है। कार्रवाई के दौरान विभिन्न बैंक खातों में जमा करीब 55 लाख रुपये भी फ्रीज कर दिए गए हैं। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जांच की जा रही है। आगे और भी गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।

### मैट्रिमोनियल साइट के जरिए जानकारी जुटाकर ठगी के लिए खोजतीं थी युवा

जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी शिखा शर्मा एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर काम करती थी। साइट से जुड़ने वाले युवाओं से संपर्क कर वह नौकरी और करियर से जुड़ी जानकारी जुटाती थीं और फिर उन्हें सरकारी नौकरी का झांसा देकर फर्जी अफसर बनकर हनक जमाने वाली डॉ. विप्रा के पास भेज देती थी। विप्रा आगे के जाल में फंसाती थी। नौकरी और फर्जी नियुक्ति के बहाने युवाओं से मोटी रकम वसूली जाती थी। आरोपी बहनें युवाओं का भरोसा जीतने को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेजकर ठगी के जरिए पैसों से कुछ महीने सैलरी भी भेजती थीं। इस काम के लिए अलग से बैंक खाता भी खुलवा रखा था। बाद में पैसे भेजने बंद करती थीं तो युवा परेशान होकर संपर्क करते थे। काफी समय तो वे पीड़ितों से चक्कर लगवाती थीं और फिर धमकी देकर जुबान बंद रखने कहती थीं।

### 25 से अधिक बेरोजगारों को शिकार बना चुकी थीं 3 बहनें

पुलिस के अनुसार, तीनों बहनों ने बरेली के चार लोगों से ही ठगी नहीं की गई, राज्य में अलग-अलग जगहों के 25-30 लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठग चुकी थीं। तीनों आरोपी जमकर पैसे उड़ाती थीं। महंगी शॉपिंग के साथ आलीशान होटलों में रुकती थीं। ब्रांडेंड कपड़े और महंगे मोबाइल का शौक पूरा करतीथीं। दीक्षा ने कुछ समय पहले ही पवन विहार में नया घर लिया था। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वहीं, विप्रा की शादी 2017 में हुई थी। बाद में पति से विवाद हो गया था। 2021 में तलाक के बाद पति से अलग हो गई थी।

## तौकीर के करीबी पर फर्जी पासपोर्ट बनवाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली बवाल में जेल में बंद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के एक करीबी पर फर्जी पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है।

भगवा ए हिंद फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नासिर सिद्दीकी ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में की गई शिकायत में कहा है कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी रिश्तेदार ने आपराधिक इतिहास छुपाते हुए दूसरे नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया है जिससे वह कई इस्लामिक देशों की यात्रा कर चुका है। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। हालंकि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यालय में अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है।

## महिलाओं से अभद्रता पुलिस पर चढ़ाई कार

- नशे में था रिटायर्ड दरोगा का बेटा तलाश में जुटी थाना कैंट पुलिस

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** महिलाओं से अभद्रता कर रहे रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने बाइक सवार पुलिस कर्मियों पर कार चढ़ा दी। एक दरोगा तथा कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस कर्मियों की बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। दरोगा की ओर से मंगलवार को कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

थाना कैंट के रिसाला चौकी इंचार्ज राजीव कुमार पटेल और कांस्टेबल संदीप कुमार सोमवार शाम बिशप कॉनराड स्कूल के पास गश्त करते हुए पहुंचे। वहां काफी भीड़ थी। पता चला कि कैंट के सदर बाजार निवासी रिटायर्ड दरोगा का बेटा सलमान नशे की हालत में महिलाओं से अभद्रता कर रहा था। दरोगा राजीव ने युवक से बात करनी चाही तो आरोपी गालियां बाकते हुए कार लेकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर बीआई बाजार में रोक लिया।

मौके पर डायल 112 भी पहुंच गई। दरोगा राजीव और कांस्टेबल संदीप कुमार ने कार की खिड़की खुलवाने का प्रयास किया तो आरोपी ने कार पुलिस कर्मियों के ऊपर चढ़ा दी। दरोगा राजीव और कांस्टेबल संदीप घायल हो गए। दोनों पुलिस कर्मियों की मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। अन्य पुलिस कर्मियों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। दरोगा राजीव कुमार पटेल ने बताया कि कार रिटायर्ड दरोगा समीउद्दीन खां के नाम है। पुलिस सलमान की तलाश कर रही है।

## एएनएम ने बच्चे को लगाए टीके, अब पापा पड़ गया पीछे

**बरेली, अमृत विचार:** गर्भावस्था में जिस नर्स ने मां और फिर बेटे के टीके लगाए। उस नर्स को बच्चे का पिता परेशान कर रहा है। वह नर्स का पीछा करता है और सरे बाजार उसका रास्ता रोक लेता है। नर्स ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। सीओ सर्किल टू के क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि वह एएनएम है। कुछ समय पहले उसके पास एक गर्भवती महिला आई जिसका उन्होंने टीकाकरण किया। उसके बाद बेटा होने पर उसका भी टीकाकरण किया। तीन माह से उस बच्चे का पिता उसका पीछा कर रहा है। बाजार, दुकान तो कभी रास्ते में उसे रोक लेता है। इस बात से नर्स बहुत डरी हुई है। उसने मंगलवार को पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता की शिकायत को पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## एक्शन: 42 गौतस्कर, 10 जुआ माफिया समेत 67 दागियों की खुली हिस्ट्रीशीट

- एसएसपी ने एक महीने के अंदर 119 दागियों को घोषित कराया हिस्ट्रीशीटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसएसपी अनुराग आर्या के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। पुलिस ने लंबा-चौड़ा क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले 67 और दागियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इसके साथ एक महीने के अंदर घोषित हिस्ट्रीशीटरों की संख्या 119 तक जा पहुंची है, तो खुद में एक रिकॉर्ड है। नए बने हिस्ट्रीशीटरों में सबसे ज्यादा 42 गौ तस्कर, 10 जुआ माफिया और कई जालसाजी-धोखाधड़ी के मुकदमे वाले चेहरे शामिल हैं।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, तीसरे चरण में 67 और लोगों की हिस्टीशीट खोले जाने के बाद पुलिस अब सभी की लगातार निगरानी करेगी। ऐसे लोगों को सम्बंधित थाने में भी हाजिरी देनी होगी। मंगलवार को जिन दागियों की हिस्ट्रीशीट खोली गईं, उनमें भोजीपुरा के शकील उर्फ पोल, छोटू उर्फ अब्दुल, कयूम, कल्लू उर्फ कलुआ, असफाक, तुला,अकलीम, छोटन, सद्दाम, पप्पू, वसीम, प्रेम उर्फ फहीम, पप्पू उर्फ गारा, बहेड़ी के सोहेल, आरिफ, इश्तियाक, राशीद, मोबीन, अयूब, सानू उर्फ लाइक, ओवैस, सलीम, मीरगंज के रिहान, आबिद, गुड्डू, देवरनिया के वकार बंजारा, मुन्ना, शकीरा, सीबीगंज के नदीम, नसीम, वीरेंद्र यादव, कोतवाली के इरशाद, अकरम, फरीदपुर के आरिफ, सलमान, इज्जत नगर के प्रभाकर, शालू गुप्ता, जगमोहन, तरुण कुमार उर्फ गोविंदा, बारादरी के निशांत, अमन, विनय, आयुष, अमन, फतेहगंज पश्चिमी के सोनू, आंवला के इमरान कुरेशी, अकबर अली, आमिर, ऑफिस, मोहम्मद इस्लाम, रेहान, शाहिद, इलियास, सुनने, निज़ाकत शाह, मोहसिन, उमेश, बहेड़ी के जलीस अहमद, आसिफ, नवाबगंज के हनीफ, नदीम, अकरम, कल्लू उर्फ बाबू, इकबाल खान, बड़ा और नासिर शामिल हैं।

अफसरों का है कि हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी, सत्यापन और उनके नेटवर्क पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## सेटेलाइट हादसे की जांच रिपोर्ट तैयार, गिरेगी गाज

- सफाई निरीक्षक समेत पांच लोग माने गए हैं दोषी
- ठेकेदार की फर्म भी की जाएगी ब्लैकलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस स्टेशन के पास खुले नाले में गिरकर हरदोई के युवक तौहीद की मौत का मामला लापरवाह अधिकारियों के गले की फांस बन गया है।

24 मार्च की काली रात को हुए इस दर्दनाक हादसे की जांच रिपोर्ट ने पूरी तरह साफ कर दिया है कि तौहीद की जान किसी इत्तेफाक से नहीं, बल्कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार की घोर लापरवाही से गई है। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दो जूनियर इंजीनियरों (जेई), एक सफाई नायक, एक सुपरवाइजर और ठेकेदार को मुख्य रूप से कटघरे में खड़ा किया है। अब बस नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के अवकाश से लौटने का इंतजार है, जिसके बाद पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भी भेजी जाएगी, जिससे संबंधित विभागों में हड़कंप मचा है।

अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह और पर्यावरण अभियंता की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस स्थान पर नाले का कार्य चल रहा था, वहां सुरक्षा के न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं किया गया था। न तो कोई बैरिकेडिंग की गई थी और न ही रात के अंधेरे में राहगीरों को आगाह करने के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या लाइट का इंतजाम था। इसी अनदेखी की कीमत तौहीद को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी, जिसका शव 30 घंटे की मशक्कत के बाद गहरे नाले से निकाला जा सका था। दोनों ही अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट में दोषियों के खिलाफ निलंबन और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की स्पष्ट सिफारिश की है।

### नगरायुक्त बोले, शहर में खुले नाले व निर्माण स्थलों की निगरानी के निर्देश किए गए जारी

नगर निगम इस बार केवल विभागीय कार्रवाई तक ही सीमित नहीं रहने वाला है। मामला शासन तक पहुंचने पर दोषी ठेकेदार की फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी पूरी कर ली गई है, ताकि भविष्य में वह किसी और की जान से खिलवाड़ न कर सके। इधर, घटनाक्रम को लेकर मानवाधिकार आयोग भी प्रकरण की रिपोर्ट तलब कर चुका है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि शहर के सभी खुले नालों को ढकने और निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## मीरगंज में किशोरी ने किया सुसाइड रेप की आशंका

**बरेली:** मीरगंज क्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी मौत का कारण तो हैंगिंग आया है लेकिन उसके शरीर पर मिले साक्ष्य कुछ और ही गवाही दे रहे हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम के समय स्लाइड बनाई गई। जानकारी के अनुसार, किशोरी का शव घर में दुपट्टे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी के शव का दो महिला डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि किशोरी के शरीर पर एक दो हल्की चोटे हैं। वहीं दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए स्लाइड भी बनाई गई है। किशोरी के पोस्टमार्टम में लगभग दो घंटे का समय लगा।

## 50 रुपये में नहीं दिया पौवा तो सेल्समैन को मारा चाकू

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्यामगंज चौराहे के पास एक शराब की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन पर ग्राहक ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

चकमहमूद छोटा मंदिर निवासी अरुण गंगवार ने बताया कि 26 अप्रैल को वह दुकान पर था, तभी रिंकू भारती नाम का व्यक्ति वहां आया और 50 रुपये में शराब का क्वार्टर मांगने लगा। मना करने पर गाली-गलौच करने लगा। उसे समझाने के लिए केबिन से बाहर आया तो आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उसके पेट, छाती, गाल और हाथ पर कई वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य सेल्समैनों ने उसे संभाला, लेकिन तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल ने बताया कि आरोपी अक्सर ठेके पर आता रहता है, जिससे वह उसे पहचानता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शादी की टेंशन में युवती ने जहर खाकर दे दी जान

- थाना सुभाषनगर के रौंधी गांव में सामने आई घटना
- अस्पताल में इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना सुभाष नगर क्षेत्र के रौंधी गांव में सोमवार को एक युवती ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस के अनुसार, युवती की मां उससे शादी को लेकर बातचीत कर रही थीं। उसने शादी से इनकार कर दिया था, जिसे लेकर मां से उसकी कहासुनी हुई थी। परिजनों का कहना है कि युवती मानसिक तनाव में थी। सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने की पुष्टि हुई है। विस्तृत जांच के लिए बिसरा सुरक्षित रखा गया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सतर्कता** | नोएडा बवाल को देखते हुए डीएम-एसएसपी ने उद्यमियों के साथ की अहम बैठक

## श्रमिकों के हित की है बात . .उद्यमी-प्रशासन सब साथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



उद्यमियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी, एसएसपी व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नोएडा बवाल में साजिश के तार विदेशी ताकतों से जुड़ने के बाद बरेली में भी पुलिस-प्रशासन सतर्क नजर आ रहे हैं। मजदूर दिवस से पहले इंटेलीजेंस इनपुट को देखते हुए डीएम-एसएसी ने उद्योग जगत के प्रमुख चेहरों के साथ मंगवार को अहम बैठक की। अफसरों ने कहा कि प्रशासन श्रमिक और उद्यमियों के हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार है। मजदूरों को सरकार के स्तर से तय मानदेय एवं उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा की व्यवस्था में कहीं कोई कमजोरी न रहने पाए।

बीएल एग्रो इंडिस्ट्रीज में हुई बैठक को लेकर कंपनी के एमडी घनश्याम खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस-प्रशासनिक अफसरों के साथ कई अहम बातों पर चर्चा हुई। पुलिस-प्रशासन ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में बताया गया कि नोएडा बवाल मजदूरों ने नहीं किया था, बल्कि विदेशी ताकतों ने बाहरी तत्वों के जरिए माहौल खराब कराया था। बरेली में सबके सहयोग से सब ठीक है। यूपी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सेक्रेटरी डा. प्रमेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि अधिकारियों ने समस्याओं के बारे में जाना और शीघ्र निराकरण की भरोसा दिया । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने प्रदेश और केंद्र सरकार की तरफ से श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल से लागू नई वेतन वृद्धि और न्यूनतम वेतन व्यवस्था प्रभावी करने को कहा। एसएसपी अनुराग आर्य ने श्रमिकों के साथ आपसी तालमेल और बेहतर करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, सीओ एलआईयू विजय राना के साथ आईआईए बरेली के चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, उद्यमी धर्मेंद्र देवनानी, एसके सिंह समेत सभी प्रमुख उद्यमी रहे मौजूद रहे।

### वीवीपैट वेयर हाउस पहुंचे डीएम-एसएसपी

**बरेली :** उद्यमियों के साथ बैठक के अलावा डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्या ने पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ परसाखेड़ा में वीवीपैट वेयर हाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अफसरों ने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों के रखरखाव गहनता से देखा। सम्बंधित अफसरों को निर्देश दिए कि इंतजामों कोई ढिलाई न बरती जाए। वेयर हाउस में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनके क्रियाशील होने की जांच भी कराई गई।



## सिटी ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आकर कपड़ा व्यापारी की मौत परिजन बेहाल

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली के बिहारीपुर बजरिया निवासी कपड़ा व्यापारी अनिल मल्होत्रा सोमवार रात खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह पुलिस ने सूचना दी कि सिटी स्टेशन और बाकरगंज के बीच रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया है। परिजन पहुंचे तो शव अनिल का ही था। पहचान होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, जेल पुलिस में आरक्षी की मौत

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय कारागार इज्जतनगर में तैनात आरक्षी मेरठ निवासी अजय कुमार गुप्ता की सोमवार को ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गई। नजदीकी मेडिकल स्टोर से दवा दिलाई गई, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद उन्हें मोदी नगर में अस्पताल में दिखाया गया। स्थिति में सुधार न होने पर सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### निशुल्क शिक्षा की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस की तरफ से मंगलवार को केंद्र और प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया। मजलिस के प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद ने बताया कि शिक्षा को व्यवसाय बना लिया गया है। सम्पन्न वर्ग के बच्चे महंगे निजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं वहीं गरीब, मजदूरों के बच्चों को संसाधनों की कमी वाले स्कूल में निर्भर पड़ता है। इससे उन्हें उचित शिक्षा नहीं मिल पाती। मांग की गई कि पूरे भारत में सर्व समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। निजी स्कूलों में सरकारी नियंत्रण, राष्ट्रीयकरण के तहत लाया जाए। शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाई जाए। जिलाध्यक्ष जमील अहमद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लाइटें तो लगा दीं... रौशनी कैसे होगी



शहर को स्मार्ट बनाने में करोड़ों रुपये खर्च किये गये। प्रमुख मार्गों पर फैन्सी स्ट्रीट लाइट भी लगाई गईं लेकिन उनकी क्या स्थिति है इसे कोई देखने वाला नहीं। बियावानी कोठी से खुर्रम गौंटिया रोड पर दोनों तरफ कई खंभों से स्ट्रीट लाइटें गायब हैं। पोल खड़े-खड़े लाइटों का इंतजार कर रहे हैं। ● फोटो एवं विवरण- मोहित कुमार सिंह।

### सीएम ग्रिड के फेज-वन और टू की कछुआ चाल देख लक्ष्य पूरा होना मुश्किल

# ...ऐसे तो पूरा होने से रहा सीएम ग्रिड का काम

● कहीं महीनों से ठप है सीवर लाइन का काम तो कहीं सड़क ही नहीं बन पाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सीएम ग्रिड के फेज-वन और फेज-टू को पूरा करने के लिए 30 मई तक का लक्ष्य निर्धारित है, लेकिन वर्तमान गति को देखते हुए यह असंभव प्रतीत हो रहा है। महज एक महीना शेष है लेकिन कार्यस्थलों पर न तो पर्याप्त श्रमिक नजर आ रहे हैं और न ही निर्माण प्रक्रिया में कोई तेजी दिखने को मिल रही है।

फेज-वन के तहत स्टेडियम से मॉडल टाउन तक खोदाई के बाद मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है, जिससे



कोहाड़ापीर रोड पर खोद कर छोड़ा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं, फेज-टू में कोहाड़पीर से नैनीताल मार्ग पर सीवर लाइन का काम महीनों से अधर में है। यहां खोदे गए गड्ढे और निर्माण सामग्री के कारण यातायात बाधित हो रहा है। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि ठेकेदारों को अल्टीमेटम दिया है कि हर हाल में 30 मई तक कार्य पूर्ण करें। रफ्तार नहीं बढ़ी तो भारी जुर्माना लगाने और काली सूची में डालने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

### 36 करोड़ से चमकेगी महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक सड़क

सीएम ग्रिड के तहत महर्षि वाल्मीकि चौक से श्यामगंज पुल तक की लगभग डेढ़ किमी लंबी सड़क का 36 करोड़ से कायाकल्प किया जाएगा। एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इसमें डिवाइडर की चौड़ाई 0.7 मीटर से बढ़ाकर 1.2 मीटर की जाएगी, जिससे न केवल सड़क का स्वरूप बदलेगा बल्कि सुगम यातायात प्रबंधन भी होगा।

# सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक सुधारने को डीएम का कड़ा रुख

### कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने दिए फील्ड में रहने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिले की रैंकिंग को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से फील्ड में जाने के निर्देश दिए गए। कहा कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सहकारी समितियों और गेहूं खरीद केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें ताकि आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हो सके।

राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 03 से 05 वर्ष से लंबित पुराने केसों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर उनकी





कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

● एसडीएम और तहसीलदार करेंगे गेहूं खरीद केंद्रों व अस्पतालों का निरीक्षण

● तीन से पांच साल पुराने राजस्व मुकदमों को प्राथमिकता पर निपटाने को कहा

आईडी पोर्टल पर अपडेट की जाए। फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का वितरण जल्द से जल्द कराने और आय, जाति व हैसियत प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्गत करने पर जोर दिया। बैठक में उद्योग, कृषि, परिवहन, नगर निगम और आबकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यों को परखते हुए डीएम ने कहा कि आईजीआरएस और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में नहीं जाना चाहिए।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनपद की रैंक बनाए रखने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसीएम, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार आदि अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## सुरक्षागार्ड और सुपरवाइजर भर्ती के लिए लगेंगे शिविर

बरेली, अमृत विचार: भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, नई दिल्ली और एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में बरेली जिले के विभिन्न ब्लॉकों में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और ट्रेनिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार के अनुसार ये शिविर 29 अप्रैल से 8 मई तक केसर इण्टर कॉलेज बहेड़ी, आदर्श शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज आटामंडा, दरवारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज रिठोरा और राजकीय इण्टर कॉलेज बरेली में लगाए जाएंगे। भर्ती अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि हाईस्कूल से परास्नातक योग्यता वाले 19 से 40 वर्ष के युवा इसमें शामिल हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 65 वर्ष तक स्थायी नियुक्ति, पेंशन, बीमा और दो बच्चों की मुफ्त पढ़ाई जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक इन शिविरों में पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं

## पिता और दो बेटों को पांच पांच साल की सजा, जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार: अदालत ने आठ साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में पिता और दो पुत्रों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में 9 गवाह और 8 सबूत पेश किए, जिनके आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र मणि (कोर्ट संख्या-1) ने बिशारतगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरपुर निवासी छोटेलाल और उसके दो बेटों, धर्मवीर व जयपाल को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। 4 अगस्त 2018 की शाम को मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था। वादी कुलदीप कुमार के अनुसार, वह चरी लेने खेत जा रहा था, तभी गोबरधन की ओर से डनलप चढ़ा देने की बात पर बहस शुरू हुई। देखते ही देखते आरोपी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कुलदीप के पिता भगवान दास के सिर में गंभीर चोट आई थी।उनकी माता शांति देवी का हाथ टूट गया था और कूल्हे में गंभीर चोट आई थी।

### मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी पकड़ा

बरेली,अमृत विचार : प्रेमनगर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मोबाइल, चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध असलहा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।24 अप्रैल को अभिषेक कुमारनिवासी बगनेश बगेनरी थाना अमरिया, पीलीभीत का मोबाइल दो व्यक्तियों द्वारा छीन लिया गया था। मंगलवार की शाम थाना प्रेमनगर पुलिस ने कुदेशिया अंडरपास के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। उसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस मिले। आरोपी के पास से छीना हुआ मोबाइल भी मिला है ।आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी अभय कुमार निवासी ब्रह्मपुरा भूड़ के साथ मिलकर मोबाइल छीना था। मोटरसाइकिल बन्नूवाल नगर से चोरी की थी।

# बच्चा वार्ड से 10 बच्चों को मिली छुट्टी

● सोमवार की रात तक 41 बच्चे थे भर्ती, टेबल पर लिटाकर किया जा रहा था उपचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी में बच्चों को बुखार और डायरिया की शिकायत हो रही है जिससे जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड फुल चल रहा है। मंगलवार को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड से 10 बच्चों की हालत में सुधार होने के बाद छुट्टी दे दी गई है। 31 बच्चे अस्पताल के बच्चा वार्ड में बचे हैं।

गर्म मौसम में काफी समय तक धूप में रहने और कम पानी पीने से बच्चों की सेहत बिगड़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में 41 बच्चे भर्ती थे। बच्चों की हालत देखते हुए एक बेड पर दो- दो बच्चों का उपचार किया जा रहा था। मंगलवार को 10 बच्चों को हालात में सुधार होने के बाद डिस्चार्ज करके घर भेज दिया गया है। फिजिशियन डॉ. राहुल बाजपेई ने बताया कि गर्मी के चलते ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, डायरिया, चक्कर आने की शिकायत मरीज अधिक पहुंच रहे है। मंगलवार को भी जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार, डायरिया के मरीजों की संख्या अधिक रही। दोपहर तक 1400 से अधिक मरीजों ने जिला अस्पताल की ओपीडी में उपचार कराया।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों से सभी 10 बेड फुल

बरेली, अमृत विचार: जिला अस्पताल का पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) इन दिनों फुल चल रहा है। मौजूदा समय में 10 बेड के वार्ड में 10 बच्चे भर्ती है। जिनका उपचार डाक्टर और स्टाफ की निगरानी में चल रहा है।

पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में एक माह से कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ गई है। छह माह से लेकर 3 साल के 10 बच्चे एनआरसी में भर्ती हैं। डॉक्टरों के अनुसार जन्म के समय बच्चे का वजन तीन किलो होना चाहिए। लेकिन जो बच्चे भर्ती है उनका वजन कम है। बच्चों को विशेष पोषण एवं चिकित्सकीय देखरेख की जा रही है। स्टाफ ने बताया कि सभी बेड फुल हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बेड की व्यवस्था व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करने की योजना भी है। एनआरसी नोडल अधिकारी डॉ. एलके सक्सेना ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों के खानपान और नियमित स्वास्थ्य जांच पर ध्यान दें, ताकि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से बचा जा सके।

## रोडवेज बस में परिचालक का बैग चोरी, मशीन गायब

बरेली, अमृत विचार: रोडवेज बस में ड्यूटी के दौरान परिचालक का बैग चोरी हो गया। बैग में नकदी, टिकट मशीन और जरूरी दस्तावेज रखे थे।

मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती, कस्बा फरीदपुर निवासी मो. राशिद ने बताया कि वह संविदा पर कौशांबी डिपो, गाजियाबाद में परिचालक है। 19 अप्रैल को वह बस से कौशांबी से बरेली ड्यूटी पर था। बस में कुछ यात्री शराब के नशे में थे, जिनसे उसका विवाद हो गया। इसी दौरान जब बस सेटेलाइट पहुंची तो उसका कैश बैग सीट पर ही छूट गया। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैग चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में टिकट काटने की मशीन, टिकट गड्डी, मैनुअल वेबिल, फुटकर पैसे और करीब 13 से 14 हजार रुपये थे। पर्स में जरूरी कागजात भी रखे थे। परिचालक ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# बरेली होकर चौथी अमृत भारत एक्सप्रेस को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रेलवे ने बरेली होकर एक और अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन को मंजूरी दे दी है। यह साप्ताहिक ट्रेन दिल्ली और गोरखपुर के बीच संचालित होगी। बरेली से होकर गुजरने वाली यह चौथी अमृत भारत एक्सप्रेस होगी।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 14046 दिल्ली-गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को दिल्ली से रात 12:40 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली और सीतापुर होते हुए दोपहर 3:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में, 14045 गोरखपुर-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को गोरखपुर से रात 9:40 बजे चलेगी और अगले दिन दोपहर 12:50 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

इस ट्रेन को गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, बढ़नी और सिद्धार्थनगर स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस गाड़ी के नियमित संचालन की तिथि और विस्तृत समय सारिणी जल्द ही जारी की जाएगी।



● दिल्ली-गोरखपुर के बीच भरेगी रफ्तार, शाहजहांपुर, मुरादाबाद भी रुकेगी

### मुम्बई-काठगोदाम साप्ताहिक ट्रेन की अवधि बढ़ी

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 09075/09076 मुम्बई सेन्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेन्ट्रल ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन के संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि यह ट्रेन मुम्बई सेन्ट्रल से 6 व 13 मई को और काठगोदाम से 7 व 14 मई को कुल दो अतिरिक्त फेरों के लिए चलाई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन का संचालन पूर्व निर्धारित मार्ग, समय और ठहराव के अनुसार ही किया जाएगा। इस निर्णय से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### बरेली होकर कई स्पेशल ट्रेनों से छुट्टियों में सफर होगा आसान

बरेली, अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने बरेली होकर दो जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। इन ट्रेनों के चलने से बरेली समेत आसपास के जिलों के यात्रियों को दिल्ली और बिहार रूट पर काफी सहूलियत मिलेगी। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि गाड़ी संख्या 05579/80 पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल का संचालन 26 अप्रैल से 12 जुलाई तक किया जाएगा। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी और बरेली स्टेशन पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, गाड़ी संख्या 05575/76 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल सप्ताह में एक-एक दिन दोनों दिशाओं में संचालित होगी और बरेली होकर गुजरेगी। इससे भी यात्रियों को दिल्ली और बिहार के प्रमुख शहरों तक कनेक्टिविटी मिलेगी। समय सारणी के अनुसार, आनंद विहार की ओर जाने वाली ट्रेन बरेली से शाम के समय गुजरेगी, जबकि वापसी में सुबह के समय पहुंचेगी। इससे दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों दोनों को सुविधा होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## गर्मी से फायदे में एसी सिटी बसें बढ़ गए यात्री और आय भी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: गर्मी से हर कोई परेशान है। पारा 41 के पार होने से आसमान से आग बरस रही है। लोग सफर करने से डरते हैं लेकिन सिटी एसी बसों में यात्रियों की संख्या में पिछले माह के मुकाबले इजाफा हुआ है।

शहर में अभी मिनी बाईपास से डेलापीर, कोहाड़पीर होते हुए बरेली जंक्शन और दूसरे रूट पर मिनी बाईपास से डेलापीर, बैरियर, फनसिटी, फिनिक्स मॉल होते हुए बरेली जंक्शन तक सिटी बसें चल रही हैं।

अप्रैल में गर्मी ने तेवर दिखाए तो सिटी बसों में यात्रियों के साथ आय भी बढ़ गई है। मार्च माह में कुल 1.20 लाख यात्रियों ने सफर किया था जिससे 12 लाख 16 हजार रुपये की आय हुई थी। वहीं एक अप्रैल से27 अप्रैल तक 1





● मार्च में एक लाख 20 हजार यात्री अप्रैल में संख्या हुई 1.30 लाख के पार

लाख 30 हजार से अधिक यात्री यात्रा कर चुके है जिससे करीब 13 लाख रुपये की आय हुई है।

सिटी बस की ऑपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित ने बताया कि गर्मी में लोगों को एसी सिटी बसों का सफर पसंद आ रहा है जिससे यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही आय में भी इजाफा हुआ है।

## सांड़ के हमले में फल विक्रेता गंभीर घायल

संवाददाता सीबीगंज

अमृत विचार: सरनिया गांव में मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक आवारा सांड़ ने ठेले पर फल बेचने वाले बुजुर्ग पर हमला कर दिया। घटना में 75 वर्षीय शखाबात शाह, पुत्र मोहब्बत शाह, निवासी सरनिया गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शखाबात शाह रोज की तरह गांव में ठेले पर फलों की फेरी लगा रहे थे। इसी दौरान कब्रिस्तान के पास अचानक एक सांड़ ने उन पर हमला बोल दिया। सांड़ ने अपने सींग ठेले के नीचे डालकर उसे पलट दिया और फिर शखाबात शाह को उठाकर पटक दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सांड को भगाया और घायल को बचाया। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही उनकी पत्नी भूरी और बच्चे मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।



घायल शखाबात। ● अमृत विचार

● सांड़ ने ठेले को पलटा फिर शखाबत को पटक दिया

रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
❑ आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड व जिस फोन नम्बर से आधार लिंक हो वह फोन अवश्य साथ लायें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093
दिनाँक : 29 अप्रैल 2026 दिन बुद्धवार (समय से आना है)
समय : प्रातः 10:00 से 1:00 बजे तक
स्थान - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी अस्पताल, शेरगढ़
सौजन्य से :- बी.आई.यू. ट्रस्ट, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी डेन्टल कालेज रोड, सामने सुरेश शर्मा नगर, बरेली

## सिटी ब्रीफ

### पंजाबी महासभा महिला इकाई ने बच्चों को दी शिक्षा सामग्री

**बरेली, अमृत विचार** : पंजाबी महासभा महिला इकाई द्वारा मंगलवार को संत रविदास शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा व खाद्य सामग्री वितरित की गई। विद्यालय की बिल्डिंग के लिए आर्थिक सहयता भी दी गयी। महिला अध्यक्ष मनीषा आहुजा ने बताया कि पंजाबी महासभा हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने का प्रयास करती है। संसाधनों की कमी की वजह से किसी बच्चे को पढ़ाई न छोड़नी पड़े। सोनिया सेठी, सिम्मी आनंद, सुमन अरोड़ा, निरुपमा अग्रवाल, पूजा नारंग, रचना आनंद, रिचा खत्री, रंजीता नागपाल व किरण सहगल आदि ने सहयोग दिया।

### विश्वविद्यालय में बनाया उत्तर पुस्तिका संकलन केंद्र

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बुधवार से शुरू हो रहीं वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग को संकलन केंद्र बनाया। इसी तरह मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत के महाविद्यालय को भी उत्तर पुस्तिका संकलन केंद्र बनाया गया है।

### सुदर्शन पवल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : हांडा पब्लिक स्कूल में सुदर्शन पवल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में हांडा पब्लिक स्कूल व जमुना प्रसाद मेमोरियल स्कूल की टीम फाइनल्स में पहुंची। हांडा पब्लिक स्कूल ने जमुना प्रसाद स्कूल को 22 रन से हराकर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी जमुना प्रसाद मेमोरियल स्कूल के मोहम्मद असद को दी गई। मैन ऑफ द सीरीज हांडा स्कूल के पियूष प्रताप सिंह रहे। प्रबंधक प्रवीन हांडा व प्रधानाचार्य दमयंती कौशिक ने बच्चों की मेहनत को सराहा। संचालन रंजीता मिश्रा व सनोवर सिद्दीकी ने किया। राजीव कुमार भट्ट , निशांत गंगवार, कार्तिक सिंह चौहान, वेद प्रकाश का सहयोग रहा।

# विश्वविद्यालय ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

## एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की मुख्य वार्षिक परीक्षा आज से शुरू, व्यवस्थाएं की गईं पूरी तरह दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- अन्य जिलों के परीक्षा केंद्रों को भी सूची में किया शामिल

**अमृत विचारः** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की मुख्य वार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू हो रही हैं।

बरेली में विश्वविद्यालय ने आदर्श महाविद्यालय हरदुआ नवाबगंज, बरेली कॉलेज, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय आंवला, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी, गौरी शंकर महाविद्यालय गुलड़िया उपराला आंवला, राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, कन्या महाविद्यालय, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एड़ टेक्नोलॉजी, खुसरो मेमोरियल डिग्री कॉलेज सीबीगंज, महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, वीरांगना रानी अवंतीवाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मीरगंज, रीजनल कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन एडं रिसर्च को केंद्र बनाया है।

इनके अलावा साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, स्प्रिंगडेल महिला महाविद्यालय, सूरजभान इंस्टीट्यूट ऑफ अनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बाबा रामदास महाविद्यालय भोलापुर कनी, जमुना प्रसाद मेमोरियल कॉलेज भैरपुर खजुरिया, दर्शन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज बहेड़ी, प्रीति रूरल इंस्टीट्यूट फॉर टेक्नो एडं एजुकेशन भुता, स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज मीरगंज, उत्कर्ष बिजनेस स्कूल सीबीगंज, चौधरी हरनाम सिंह महाविद्यालय भरौंया भुता, लोटस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अनुबिस डिग्री कॉलेज रामपुर रोड़, सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज भोजीपुरा, राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एडं टेक्नोलॉजी, डीएसआर डिग्री कॉलेज पिपरा नानकार बहेड़ी, जवाहर लाल लोधी डिग्री कॉलेज मदकरा जगन्नाथपुर, निहाल श्याम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एडं टेक्नोलॉजी, श्री सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गंगाशील महाविद्यालय फैज्जुलापुर नवाबगंज में भी परीक्षाएं होंगी।

न्यू खुसरो डिग्री कॉलेज आंवला, एलबीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज नवाबगंज, मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही, आर्यदेव महाविद्यालय टिसुआ, लाला सिपट्टर लाल रामबेटी डिग्री कॉलेज हर्रामपुर बल्लिया, जानकी देवी कन्या महाविद्यालय आनंदपुर दुनका मीरगंज, जे एडं ए डिग्री कॉलेज बहेड़ी, राजकीय संघटक महाविद्यालय भदपुरा नबावगंज, राजकीय संघटक महाविद्यालय रिछा बहेड़ी को परीक्षा केंद्र बनाया हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, संभल मुरादाबाद, रामपुर के महाविद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को बनाया नोडल सेंटर

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बुधवार से शुरू हो रहीं स्नातक चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर की बीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी, एमकॉम के साथ वार्षिक व्यवसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षाओं के लिए नोडल सेंटर का गठन मंगलवार को कर दिया। विश्वविद्यालय ने बरेली में बरेली कॉलेज, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एडं टैक्नोलॉजी, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मीरगंज, राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर , डॉ. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय आंवला को नोडल सेंटर बनाया। इसके अलावा शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर के महाविद्यालयों को भी सेंटर बनाया गया है।

### बीएड और एमएड की परीक्षाएं 11 मई से

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीपीएड की प्रथम और द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षाओं सहित विभिन्न कोर्सों के परीक्षा शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया। बीपीएड की प्रथम वर्ष की परीक्षा 11 मई से और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 12 मई से आयोजित होगी। दोनों परीक्षाएं एक-एक दिन के अंतराल पर होगी। इसी तरह एमएड के प्रथम और द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षाएं 12 मई से होंगी। बीएड द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षाएं 11 मई से होंगी। बीएलएड की प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 11 मई से शुरु हो रही है। सभी कोर्सों की परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होंगी।

## नई सोच, नए सरोकार

### पुलिस मॉडर्न स्कूल में अमृत विचार की टीम ने बच्चों को किया प्रेरित




**बरेली,अमृत विचारः** पुरानी पुलिस लाइन्स स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में मंगलवार को 'अमृत विचार' टीम के अनुपम सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को अखबार के प्रकाशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाना और उन्हें समसामयिक विषयों से जोड़ना रहा। कक्षा 12-बी की छात्रा प्रज्ञा पाल ने 'अमृत विचार' का वाचन किया। नव्या सक्सेना, दीपांशु वर्मा, रोनक सिंह, माधव सक्सेना, संजना का योगदान भी रहा। शिक्षका पूजा कंचन, शुभांगी राघव, जितेंद्र कुमार, भानुप्रिया चौहान, दिव्यांश जौहरी का विशेष सहयोग रहा।



> इस तरह के आयोजन छात्रों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हैं। समाचार पत्र न केवल जानकारी का स्रोत हैं, बल्कि विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
> – **डॉ . किरन देवी**, प्रधानाचार्य

**अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com**

# पक्षियों की जान बचाने को शुरू हुआ दाना-पानी अभियान

**बरेली, अमृत विचारः** सामाजिक संस्था 'गूंज' ने भीषण गर्मी और लू के कहर से पक्षियों को बचाने के लिए 'दाना-पानी अभियान' का आगाज किया। अभियान एक महीने तक चलेगा। संस्था के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह उर्फ बंटी ठाकुर ने कहा कि हर साल भीषण गर्मी के कारण सैकड़ों गौरैया, चिड़िया और कबूतर प्यास व भूख से दम तोड़ देते हैं। वे अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उनकी रक्षा करें। महामंत्री शोभित अग्रवाल और उपाध्यक्ष मोहिनी वर्मा ने लोगों से अपील की वे अपने घरों की छतों, बालकनी और आंगन में मिट्टी के बर्तनों में ताजा पानी और अनाज के दाने रखें। अभियान के तहत संस्था के वालिंटियर मोहल्लों और स्कूलों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और पक्षियों के लिए सकोरे वितरित करेंगे। आशा सिंह, रश्मि जोशी, प्रज्ञा सिंह, धर्मेंद्र शर्मा सहित संस्था के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं



पक्षियों के लिए पानी रखती महिला।

# नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को सुविधाओं की मांग

**बरेली, अमृत विचारः** नीट परीक्षा के दौरान भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को सुविधाओं के बाबत युवा सिंधी समाज ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

अध्यक्ष विजय मूलचंदानी ने बताया कि 3 मई को विभिन्न केन्द्रों पर नीट की परीक्षा होगी जिसमें हजारो परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है लेकिन एंट्री सुबह 11 बजे से शुरू होगी। परीक्षार्थी सुबह 10 बजे घर से शाम 6 बजे तक परीक्षा केंद्र व मार्ग में रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्वच्छ पेयजल की निर्बाध व्यवस्था, ओआरएस की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, हवादार परीक्षा कक्ष, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा व छाया का विशेष ध्यान रखा जाये।

# 100 मीटर में सबसे तेज दौड़े रोहित और शिवानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली




खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं शुरू
- गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 मई तक चलेंगे आयोजन

**अमृत विचारः** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में मंगलवार को खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। आयोजन गुजरात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रृंखला का हिस्सा है जिसका आयोजन 1 मई तक जारी रहेगा।

प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुरुष वर्ग की 100 मीटर रेस में बीटेक द्वितीय वर्ष के रोहित प्रथम, बीटेक चतुर्थ वर्ष के रिषी वासु सिंह द्वितीय रहे। शॉर्टपुट में बीटेक द्वितीय वर्ष के आशुतोष यादव प्रथम, सौरभ सिंह यादव द्वितीय रहे। लंबी कूद में बीटेक तृतीय वर्ष के रोहित यादव प्रथम, शिवम कुशवाहा द्वितीय रहे। रेसलिंग में बीटेक द्वितीय वर्ष के राम राना प्रथम, सौरभ सिंह यादव द्वितीय रहे। महिला वर्ग में 100 मीटर रेस में एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर की शिवानी इंदोलिया प्रथम, एमसीए द्वितीय सेमेस्टर की साक्षी पटेल द्वितीय रहे। शॉर्टपुट में बीएमएस द्वितीय सेमेस्टर रिया सिंह ने प्रथम, बीटेक द्वितीय वर्ष के हंसिका नेगी द्वितीय रहे। लंबी कूद में बीफॉर्मा की तृतीय वर्ष तन्य कुमारी कश्यप प्रथम, एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर की शिवानी इंदोलिया द्वितीय रही। रेसलिंग में बीएमएस द्वितीय सेमेस्टर की रिया सिंह प्रथम, बीटेक द्वितीय वर्ष की खदीजा द्वितीय रहीं।

खेल सचिव प्रो. एसएस बेदी ने कहा कि खेल शारीरिक मजबूती के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। सहायक खेल सचिव डॉ. विजय सिंघल और डॉ. अजीत सिंह ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। कुलसचिव हरीश चंद और परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, कैंपस सचिव डॉ. नीरज कुमार, डॉ. इंदरप्रीत कौर ने पहल की सराहना की। प्रतियोगिताओं के संचालन में कोच धर्मेंद्र शर्मा, आदर्श गंगवार, रणदीप, राजू की भूमिका रही।

# पंजाबी महासभा ने निर्धन बेटी का घर बसाने में किया सहयोग



बेटी को आशीर्वाद देते पंजाबी महासभा के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजेंद्र नगर के श्री बांके बिहारी मंदिर में हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** पंजाबी महासभा ने सामाजिक सेवा की मिसाल पेश कर मंगलवार को राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग किया।

अध्यक्ष संजय आनंद ने कहा कि महासभा एक सजग अभिभावक की भूमिका निभाते हुए ऐसी बेटियों को न केवल आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि समाज में उन्हें उचित सम्मान और स्नेह भी सुनिश्चित कर रही है। कार्यक्रम में संरक्षक गुलशन आनंद, महामंत्री देवराज चंडोक, रोमी सेठी, नमित गुलाटी, विशाल मल्होत्रा, अमित अरोरा, तिलक राज दुसेजा आदि की सक्रिय भूमिका रही। पार्षद अतुल कपूर, सोनिया कपूर,सिमी आनंद, नेहा साहनी, जूही आनंद ने भी नववधू को आशीर्वाद दिया।

# लिंक्डइन एक्सपीरियंस जोन में छात्रों को डिजिटल स्किल्स का मिला मंच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



लिंक्डइन एक्सपीरियंस जोन में शामिल अधिकारी व शिक्षक। ● अमृत विचार

- इन्वर्टिस और लिंक्डइन के बीच एमओयू साइन किया गया
- एआई, नेटवर्किंग और पर्सनल ब्रांडिंग पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**अमृत विचारः** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में मंगलवार को यूपी का पहला लिंक्डइन एक्सपीरियंस जोन 2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल युग में रोजगार के लिए तैयार करना और उद्योग से जुड़े कौशल से सशक्त बनाना रहा।

लिंक्डइन के प्रतिनिधि अनुप मेनन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में प्रासंगिक बने रहने के उपाय साझा किए। ख्याति खट्टर ने पर्सनल ब्रांडिंग और लिंक्डइन पर मार्गदर्शन दिया। अखिल अब्राहम ने प्रोफेशनल नेटवर्किंग और करियर रेडीनेस पर विचार रखे। साक्षी रहेजा ने अपस्किलिंग और करियर ग्रोथ के लिए लिंक्डइन टूल्स के उपयोग की जानकारी दी। विश्वविद्यालय और लिंक्डइन के बीच एमओयू भी साइन किया गया। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या, डीन मैनेजमेंट प्रो. मनीष गुप्ता, कुलसचिव संतोष कुमार, विभिन्न विभागों के डीन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजन कुलाधिपति उमेश गौतम और प्रतिकुलाधिपति पार्थ गौतम के निर्देशन में हुआ।

## सिटी डायरी

### विश्वविद्यालय में रोहिलखंड यूथ पार्लियामेंट आज



**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को रोहिलखंड यूथ पार्लियामेंट के फ्लैगशिप समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . केपी सिंह रहेगे। यूथ पार्लियामेंट का उदेश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं संवाद कौशल को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रो . तुलिका सक्सेना, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, एसएस बेदी, वैषाली विश्वकर्मा, मो . इनाम, आयुषी वैष, अदिति सक्सेना उपस्थित रहे।

### डॉ. सलिल बलदेव बने आईडीए कैंट के सचिव




**बरेली, अमृत विचार** : इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली कैंट की बैठक में डॉ . सलिल बलदेव को सचिव चुना गया।

वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ . अनूप आर्य ने बताया कि एक महीने से सचिव का पद रिक्त चल रहा था जिस पर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के सदस्यों ने डॉ . सलिल बलदेव का चुनाव किया। सभी ने डॉ . सलिल बलदेव को एसोसिएशन की इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं– अध्यक्ष डॉ . रुचिर कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ . आकांक्षा सिंह, डॉ . इला अरोरा, डॉ . हिमांशु शर्मा, डॉ . नितिन अस्थाना, डॉ . नीरज चन्द्र, डॉ . भूपेंद्र, डॉ . शैलेश रतन, जेसिका बलदेव, डॉ . फराह फाहद, डॉ . मनोज गुप्ता, डॉ . नेहा अग्रवाल, डॉ . संजय मौजूद रहे।

# कथा में भक्ति, शरणागति और आत्मचिंतन का बताया महत्व



कथा सुनाते गौरदास महाराज।



श्री भक्तमाल कथा सुनते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- आनंद आश्रम में गौरदास महाराज सुना रहे श्री भक्तमाल कथा

**बरेली, अमृत विचारः** आनंद आश्रम में श्री भक्तमाल कथा के तीसरे दिन गौरदास महाराज ने भक्ति, शरणागति और आत्मचिंतन का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भजन मार्ग में दीक्षा और शिक्षा दोनों आवश्यक हैं। जीव भगवान का अंश है, लेकिन मनुष्य सांसारिक सुख-सुविधाओं में आनंद खोजता है। जिससे उसे वास्तविक शांति नहीं मिल पाती।

उन्होंने रामायण के उदाहरण से बताया कि रावण अपार संपत्ति के बावजूद अतृप्त रहा, जबकि केवट संतोष का प्रतीक है। महाराज ने कहा कि भक्ति का वास्तविक स्वरूप शरणागति है। सत्संग, कीर्तन और स्मरण से भक्ति बढ़ती है, लेकिन नाम, सेवा और भक्त अपराध से बचना आवश्यक है। उन्होंने संत कबीर के दोहों का उल्लेख करते हुए निंदा से बचने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रभु को करुणा से पुकारना ही सच्चा कीर्तन है, प्रतिस्पर्धा नहीं। कथा के दौरान मेरी बाहों गहो राधा और यमुना तीरे धीर समीरे जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, अनिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, अनिल अरोरा, मनु गर्ग, शशिकांत मोदी, नरसिंह मोदी, मधु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# औषधीय के साथ आर्थिक रूप से भी लाभदायक है सिंदूर का पेड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सिंदूर के पेड़ पर लगे फल।

- रुहेलखंड विवि के वनस्पति उद्यान में सिंदूर वर्षों से दे रहा फल

**अमृत विचारः** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के वनस्पति उद्यान में लगा सिंदूर का पौधा (वैज्ञानिक नाम बिक्सा ओरेलाना) कई वर्षों लगातार फल दे रहा है। ये पौधा अन्नाटो और रक्तबीज के नाम से भी जाना जाता है। ये पेड़ औषधीय रूप से तो उपयोगी है ही, आर्थिक रूप से भी लाभदायक है।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. एचएस श्रीवास्तव वनस्पति उद्यान में लगे सिंदूर के पौधे की देखरेख पादप विज्ञान विभाग की ओर से की जा रही है। विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पौधे से फली फूटने के बाद बीज को घिसने से सिंदूर निकलता है। इस पौधे के कांटेदार फल पकने पर लाल हो जाते हैं, जिनके भीतर मौजूद बीजों से गाढ़ा प्राकृतिक रंग प्राप्त होता है। इस रंग का उपयोग पारंपरिक सिंदूर, लिपस्टिक और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों में किया जाता है। इसके अलावा खाद्य पदार्थों में भी इस प्राकृतिक रंग का प्रयोग किया जाता है। औषधीय और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बहुवर्षीय पौधा किसानों के लिए आय का अच्छा स्रोत बन सकता है। इसकी खेती से प्रति वर्ष लगभग डेढ़ लाख रुपये तक की आय संभव है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने वनस्पति उद्यान के विस्तार और संरक्षण पर जोर देते हुए इसे शोध और शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

### सनातन धर्म विद्यालय में दिया सीपीआर का प्रशिक्षण




**बरेली, अमृत विचार** : जागरूकता सप्ताह के तहत मंगलवार को सीपीआर का प्रशिक्षण सनातन धर्म विद्यालय साहूकारा पर डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल व वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर ने दिया । छात्र देवांश सक्सेना व प्रियांशु सिंह ने अभ्यास का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण में प्रधानाचार्या वैशाली पटेल, स्टाफ ऑफिसर हरीश भल्ला, आईसीओ नीतू द्विवेदी, पोस्ट वार्डन आशीष प्रधान, पोस्ट वार्डन रिजर्व पवन कालरा, विपुल पाठक, रवि कन्नौजिया, दानवीर सिंह, इंदु शर्मा, नीरज उपाध्याय आराधना शर्मा, नेहा सक्सेना मौजूद रही

### आकाशवाणी के 90 वर्ष पर आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**बरेली, अमृत विचार** : आकाशवाणी के 90 वर्ष, ज्ञान और मनोरंजन का संगम आकाशवाणी .. ऐसे ही कई सारे विषयों पर पत्रकारिता के छात्रों ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। इनवर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग में आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंश प्रताप सिंह, द्वितीय स्थान राघव अग्निहोत्री एवं तृतीय स्थान सुकृति पाण्डेय को मिला। सभी विजेताओं को आकाशवाणी से युववाणी कार्यक्रम पेश करने का अवसर दिया जाएगा। विभाग के डीन डॉ .राजेश शर्मा, विभागाध्यक्ष ललित कुमार, आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिशासी गौरव सक्सेना ने छात्रों को उपयोगी जानकारी दी।